# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 05 अक्टूबर 2024





## खबर संक्षेप



### मद्यपान निषेध दिवस श्याम बालाजी कॉलेज में हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज ऑफ़ बीएड एजुकेशन में मद्यपान निषेध दिवस पर कार्यशाला हुई। जिसमें मद्यपान से होने वाली हानियों से अवगत कराया गया। मद्यपान यह एक नशा है, जिसको हम बोल चाल के भाषा में शराब की लत बोलते है। यह प्रारंभ में कोई व्यक्ति मजे के लिए शराब पीता है। बाद में यह लत बन जाता है। जिससे उन्हें आर्थिक, सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। नशा जैसे गुटका, पान, खैनी, गांजा, सिगरेट आदि का भी सेवन करने लग जाता है। साथ ही डिप्रेशन और सुईसाइड को कम करने के लिए तनाव प्रबंधन गेम के माध्यम से बताया गया। कार्यशाला में तारा चंद्राकर सचिव, डॉ अंकिता चंद्राकर प्राचार्य, उमा चौधरी, अमी चंद्राकर, निर्मल बंजारे, तोपलाल कुर्रे, मेघा ताम्रकार साइकोलाजी काउंसलर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम और रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता आदि शामिल हुए।



### भुथिया स्कूल के दो बच्चों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयन

**सरायपाली।** शासकीय उमावि भुथिया के दो बच्चों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार संभाग स्तरीय वाटर पोलो प्रतियोगिता इंटरनेशनल स्विमिंग रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें उक्त विद्यालय के चार बच्चों ने भाग लिया। उसमें से दो बच्चों बंटी सेठ एवं अर्जुन धराई का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है, जो राजनन्दगांव में 3 से 6 अक्टूबर तक आयोजित स्पर्धा में भाग लेंगे। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य महेश दास, व्याख्याता मधुमंगल प्रधान, देवेंद्र प्रधान, विक्रम यादव, डिग्री लाल प्रधान, सत्यनारायण पटेल, चूड़ामणि चौधरी, सुधीर मांझी, सचिन स्वाईं, सीमा सेठ, आकाश बघेल, बनिता आचार्य एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष तरुण भोई एवं अन्य सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है। उक्ताशय की जानकारी संस्था के शिवकुमार पटेल ने दी।

### पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा महासमुंद की मासिक बैठक 5 अक्टूबर शनिवार को 2 बजे पेंशनर भवन महासमुंद में आहूत की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए पेंशनधारी कल्याण संघ के सचिव बीआर ध्रुव ने बताया कि बैठक में नए पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही पेंशनर सदस्यों की आयु 80 वर्ष पूर्ण हो गया है, उनका सम्मान किया जाएगा। 17 दिसंबर 2024 को बीजापुर में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन में भाग लेने वाले सदस्यों से सहमति से सूची तैयार की जाएगी। दिसंबर 2025 में राज्य स्तरीय सम्मेलन महासमुंद में आयोजित करने के लिए विचार कर सहमति समेत अनेक विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी पेंशनरों को बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### एमबीबीएस के लिए मुस्कान का चयन

**कोमाखान।** ग्राम लालपुर बागबाहरा निवासी छात्रा मुस्कान सेन एमबीबीएस कोर्स के लिए कांकेर स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज में चयन हुआ है। मुस्कान पिता सुरेश कुमार सेन (प्रधान पाठक प्राशा उखरा) एवं माता अर्चना सेन (प्रधान पाठक प्राशा कुलिया) की सुपुत्री है।



# सृष्टि को बनाना और बिगाड़ना शिक्षक के हाथ में : अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

अग्रसेन जयंती पर नगर के अग्र शिरोमणि संस्था के तत्वावधान में शिक्षा व शिक्षण विषय पर पीजी कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के सानिध्य में शिक्षा संवाद चर्चा-परिचर्चा का आयोजन किया गया।

वर्तमान शिक्षा पद्धति में शिक्षा प्रक्रिया परिवर्तन और अन्य विषयों पर सरायपाली क्षेत्र के महाविद्यालय प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक, स्कूल प्राचार्य, शिक्षकों व समाजसेवी नागरिकों के साथ मुख्य अतिथि डॉ. अनुसुइया द्वारा शैक्षिक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत रहाटे प्राचार्य नवोदय विद्यालय छिंदपाली ने की। विशिष्ट अतिथि सीएल पुहुप प्राचार्य शाउमावि केजुवां, नरहरि पटनायक प्राचार्य प्रतिभा पब्लिक स्कूल, बृजलाल पटेल प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय पिरदा,मनोज पटेल प्राचार्य सेजेस, डॉ. अनिल कुमार प्रधान प्राचार्य शाउमावि तोरेसिंहा, कामता प्रसाद साहू प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत अग्र शिरोमणि संस्था के सदस्य मनोज अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, साहित्यकार व शिक्षिका डॉ. शुभ्रा डड़सेना व शिशु मंदिर की व्यवस्थापिका सरिता साहू द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अनुसुइया द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए शिक्षकों को शिक्षा व शिक्षण कर्तव्यों के प्रति सजग व अडिग रहने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि सृष्टि को बनाना और बिगाड़ना शिक्षक के हाथ में है। यदि शिक्षक चाहे तो समाज, प्रांत और राष्ट्र को उन्नति के शिखर तक पहुंचा सकता है। और चाहे तो अधोगति के गर्त में धकेल सकता है। शिक्षण क्षेत्र में हर व्यक्ति को अपनी भूमिका का निर्वाह श्रेष्ठ इतिहास निर्माण के उद्देश्य को लेकर रामसेतु निर्माण में गिलहरी की तरह समर्पण भाव से करना चाहिए। कार्यक्रम में अग्र शिरोमणि संस्था द्वारा धरम लाल यादव काष्ठकार (बढ़ाई) ग्राम-केना को काष्ठ कला क्षेत्र में उपयोग में आने औजारों का सेट अग्रसेन महाराज के एक ईंट और एक रुपए के सिद्धांत के आधार पर अग्र शिरोमणि संस्था के द्वारा प्रदान किया गया। सरायपाली क्षेत्र में शिक्षा व शिक्षण के उत्तरोत्तर वृद्धि के संदर्भ में सहायक प्राध्यापक क्षीरसागर पटेल, प्रविंद पटेल, व्याख्याता डॉ. मुकेश चौधरी, शिक्षक लिंगराज देवांगन, यशवंत चौधरी, रमेश प्रधान, नासिर खान द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अग्र शिरोमणि संस्था के लक्ष्मीनारायण द्वारा बोला गया कि शिक्षक प्रकाश पुंज की तरह है, जिससे पूरा विद्यालय प्रकाशमान होता है, इसलिए ऐसा कार्यकर्म को बढ़ावा और बल मिले, ऐसा कार्यक्रम जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित करवाने संस्था द्वारा सुझाव दिया गया जिसको नवोदय प्राचार्य ने स्वीकार किया। कार्यक्रम का संयोजन मनोज अग्रवाल, संचालन डॉ. शुभ्रा डड़सेना व आभार व्यक्त लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ने किया।



## बाइक सवारों से गांजा जब्त

**महासमुंद।** ओडिशा से जबलपुर जा रहे बाइक सवारों के कब्जे से सिंघोड़ा पुलिस ने 2.10 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में दो आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक काला ग्रे कलर का हीरो स्प्लेंडर प्लस बिना नंबर की बाइक मे अवैध मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना के बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान दो व्यक्ति आए जिसे पुलिस द्वारा रोका गया। तलाशी लेने के दौरान वाहन में रखे एक बैग मे 2.100 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम राजेश ठाकुर पिता तुलसीराम ठाकुर (35 साल) निवासी कुशली थाना बेलखेडा जिला जबलपुर (मप्र) और. भगत रजक पिता सरमन रजक (19 साल) कुशली थाना बेलखेडा जिला जबलपुर (मप्र) बताया। आरोपियों ने उक्त गांजा को बस स्टैंड संबलपुर ओडिशा से ग्राम कुशली जबलपुर (मप्र) ले जाना बताया। आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## कबड्डी देखने गए व्यक्ति की मोटर सायकल चोरी

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र के दुहानी पारा बोकरामुड़ा खुर्द में कबड्डी देखने गए व्यक्ति की मोटर सायकल चोरी हो गई। ग्राम बिजरापारा बोकरामुड़ा खुर्द निवासी चेतन गोड़ ने पुलिस को बताया कि 1 अक्टूबर को दुहानी पारा बोकरामुड़ा खुर्द में कबड्डी का कार्यक्रम हो रहा था, जिसे देखने के लिए वह अपनी मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 04 एलवाई 8636 को लेकर रात्रि 9 बजे गया था। मोटर सायकल को कबड्डी मैदान के साइड में हैंडल लॉक कर खड़ी कर कबड्डी खेल देखने चला गया अगले दिन सुबह 7 बजे अपनी मोटर सायकल के पास गया तो देखा उसकी मोटर सायकल वहां पर नहीं थी। आपसपास तलाश के बाद भी गाड़ी नहीं मिली। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद अज्ञात के खिलाफ बीएनएस के खिलाफ 303(2) के तहत अपराध कायम किया है।

## पैसे के लेन देन को लेकर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम टोंगोपानी में पैसे के लेन देन को लेकर महिला से मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थिया आरती साहू ग्राम टोंगोपानी निवासी ने पुलिस को बताया है कि बुधवार को रात्रि करीबन 9 बजे खाना खाकर घर के सामने बैठी थी, उसी समय गांव का शंकर साहू पिता डोमन साहू शराब के नशे में आया और पैसे की लेनदेन की बात को लेकर मुझसे गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। जिससे दांये एवं बांये भुजा के पास चोट आई है । महिला ने बताया कि शंकर साहू आए दिन शराब के नशे में आकर गाली गलौच करता है एवं जान से मारने की धमकी देता है।

## महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** खल्लारी पुलिस ने 3 अक्टूबर 2024 को मुखबिर की सूचना पर भीमखोज चरौदा से अवैध शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि भीमखोज चरौदा रोड नहर मेंड के पास ग्राम चरौदा में एक व्यक्ति महुआ शराब बिक्री के लिए रखा है। सूचना पर पुलिस मुखबिर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसने अपना नाम धनसाय कुर्रे पिता स्व. सदाराम कुर्रे (60 साल) चरौदा का निवासी बताया गया है। पुलिस ने बताया कि संदेही की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से हाथ भट्ठी महुआ शराब 3 लीटर भरी हुई कीमत 600 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 34(ए) के तहत कार्रवाई की गई।

## ग्राम पंचायत स्तर पर शासकीय योजनाओं के प्रचार के लिए लगा शिविर

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा समय-सीमा की बैठक में दिए गए निर्देशानुसार पंचायत सचिव, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी व ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी एवं समिति प्रबंधक के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर प्रतिदिन नवीन किसान क्रेडिट कार्ड बनाने एवं कृषि विभाग व संबंधित विभाग की विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपसंचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि उक्त शिविर में किसान क्रेडिट कार्ड शिविर में किसानों के क्रेडिट कार्ड के प्रकरण तैयार करने, किसान सम्मान निधि के प्रकरण के अंतर्गत, पीवीटीजी, एफआरए, सेल्फ रजिस्टर्ड फार्मर ई-केवाईसी, रबी बीज मांग एवं रबी में ग्रीष्म धान के बदले दलहन, तिलहन, मक्का, रागी का क्षेत्र बढ़ाने के लिए दीर्घ कृषकों से चर्चा करके क्लस्टर में वृद्धि किये जाने के लिए मैदानी अमलों द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। फसल क्षेत्राच्छादन को शत-प्रतिशत करने हेतु धान के बदले दलहन, तिलहन, मक्का एवं रागी जो कम पानी चाहने वाली हो फसल लगाने के लिए कृषकों का प्रोत्साहित किया जा रहा है। अन्य विभागीय योजनाओं का नियमानुसार लाभ देने हेतु समिति/ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# उल्लेखनीय योगदान के लिए सुरेश का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

चिरमिरी में आयोजित मेंगा कैंप में जिले के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ सुरेश शुक्ला को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह का उद्देश्य राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को मान्यता देना था, जो पिछले कई वर्षों से राज्य के सुदूर और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जो कार्य किया है, वह असाधारण है। उनका समर्पण, सेवा भावना और अपने पेशे के प्रति निष्ठा न केवल राज्य के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि लाखों लोगों के जीवन में सुधार कर रही है। डॉ शुक्ला ने अपने करियर के दौरान राज्य के अति दुर्गम और पिछड़े इलाकों में जाकर न केवल मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में भगीरथ प्रयास किया है। राज्य भर में कई स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया। जिनमें गंभीर बीमारियों की जांच और उपचार की सुविधा दी गई।



# बसना में धूमधाम से मनाई अग्रसेन जयंती, बसंत अग्रवाल हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

बसना में श्री अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवक बसंत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित लोगों को भगवान अग्रसेन जयंती की हार्दिक बधाई देते हुए नवरात्रि के पहले दिन माता शक्ति की उपासना का आह्वान किया।

श्री अग्रवाल ने माता की शक्ति का श्लोक, या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ का उल्लेख करते हुए कहा कि शक्ति हर जीव में विद्यमान है। इसका सही उपयोग हमें दैवी गुणों से भर देता है, जबकि इसका दुरुपयोग हमें आसुरी बना सकता है। उन्होंने सभी से अपने भीतर के सद्गुणों को निखारने और शक्ति का सदुपयोग करने का आह्वान किया।



देश में एकता, स्वतंत्रता और समानता के महत्व पर जोर देते हुए अग्रवाल ने कहा कि अग्र कूल में जन्म लेना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी को अपने समाज, धर्म और संस्कृति के बारे में जानने और उसे अपनाने का आह्वान किया। बसंत अग्रवाल ने बताया कि जब अधर्मियों ने जब लगातार हिंदुओं की शिखा काटी तब सिख धर्म की स्थापना हुई जो कि सबसे मजबूत हिंदू माना गया

बसंत अग्रवाल ने बसना विधायक संपत अग्रवाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे धर्म और सनातन संस्कृति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मुझे बसना का हर व्यक्ति संपत अग्रवाल दिखता है, और हर व्यक्ति संपत अग्रवाल होगा तो पूरे भारत मे बसना का नाम होगा। यह कार्यक्रम सभा, महिला मंडल और मारवाड़ी युवा मंच बसना द्वारा आयोजित किया गया था।

## शक्ति की भक्ति में श्रध्दालु हुए लीन

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में शारदीय नवरात्र महोत्सव की धूम है। शक्ति की भक्ति में श्रद्धालुजन लीन है। ग्राम में विराजित मां की प्रतिमा के प्रति एकता और भाईचारा का संदेश दिया जा रहा है। पुरोहित द्वारा शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना की जा रही है। साथ ही मंदिर कक्ष में ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है। इसको लेकर श्रद्धालुओं में उत्सव का वातावरण बना हुआ है। यहां सुबह से रात्रि तक मां का गुणगान किया जा रहा है और बालिकाओ द्वारा आंगन में रंगोली सजाकर नवरात्रि पर्व को लुभा रहा है। पूजा स्थल पर लगातार देवी मां के भक्तिमय श्लोक गूंजायमान चल रहे है। जिससे श्रद्धालुओं को आस्था व भक्तिमय गीतों से आराधना कर रही है।



# सांसद ने किया गांधी की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

गांधी जयंती पर दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने किया। अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठन डॉ मालती तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि बसना जनपद पंचायत अध्यक्ष रुक्मणी पटेल, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, समाजसेवी अनिता चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, दुर्गा शिक्षण सेवा समिति अध्यक्ष गुलाब सिंह तोमर, भंवरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष विद्याचरण चौधरी उपस्थित थे।



इस मौके पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि परिसर के सामने विवेकानंद की मूर्ति स्थापित है और बगल में महात्मा गांधी की प्रतिमा का आज अनावरण हो रहा है। इन मूर्तियों को देखकर विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए हमेशा प्रेरणा मिलती रहेगी। डॉ मालती तिवारी ने गांधी प्रतिमा के अनावरण समारोह को ऐतिहासिक बताते हुए उनके पद चिह्नों पर चलने का आह्वान किया। रुक्मणी पटेल ने प्रेरणादाई गीत प्रस्तुत की। इस अवसर प्रतिमा स्थापित करने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले बजरंग अग्रवाल एवं लालचंद अग्रवाल का शाल फल भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भाजपा नेता बिहारी अग्रवाल, कमलेश चौरसिया, अंगद साहू, उत्तर निषाद, मदन चौरसिया, श्याम सुंदर चौधरी, रघुराम पटेल, गणेशराम पटेल, बनीत राम सिदार, कृष्ण कुमार पटेल , दुखी श्याम पटेल, मनबोध मिरी, युवराज सिदार, जागेश्वर चंद्रा, कन्हैया पटेल, बड़े साजापाली प्राचार्य यूएस पटेल, हाईस्कूल रोहिना प्राचार्य अजय जायसवाल, व्याख्याता कमलेश साहू, दिलीप प्रधान, सीता सिंह, उस्ताद अली, अमित चौरसिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण छात्र-छात्र एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता आरके पटेल ने एवं आभार व्यक्त प्राचार्य जीपी पटेल ने किया।

# सोनई-रूपई मंदिर में नवरात्रि की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम खट्टी स्थित माता सोनई-रूपई मंदिर में शारदेय नवरात्र में इस बार 373 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए गए हैं। प्राकृतिक वादियों में बसा मां सोनई-रूपई का द्वार क्षेत्र वासियों के लिए प्रमुख आस्था का केंद्र है। यहां मंदिर समिति के सदस्यों व क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा प्रति वर्ष बढ़-चढ़कर माता सेवा में शामिल हो रहे हैं। मंदिर समिति के सदस्यों ने लगभग 20-25 वर्ष पूर्व पहाड़ी के उपर मंदिर निर्माण के पहले उबड़-खाबड़ जगह को समतल कर ज्योत जलाना प्रारंभ किया था। आज पहाड़ी के ऊपर माता स्थापना स्थल पर भव्य मंदिर का निर्माण किया जा चुका है। प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर सोनई-रूपई माता के मंदिर में वर्ष भर भक्तों का तांता लगा रहता है। चैत्र नवरात्र व क्वांर नवरात्र में भक्तों की भीड़ माता के दर्शन हेतु उमड़ पड़ते हैं। मंदिर समिति के अध्यक्ष होरीलाल साहू सहित प्रमुख पदाधिकारी कमलेश ध्रुवंशी, फत्तेलाल साहू, आनंदी निषाद, रानू साहू, रामा निषाद, हिरामन, उत्तम, हेमलाल, नंदू आदि पूरे नौ दिनों तक माता की विशेष पूजा के लिए उपस्थित रहते हैं।



## रक्तदान से जरूरतमंदों की होती है सहायता: अनिता

**सरायपाली।** दुर्गा विद्यालय लंबर में महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर गांधी प्रतिमा का अनावरण एवं रक्तवीर सम्मान कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी उपस्थित रहीं। अध्यक्षता रूखमनी सुभाष पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि समाज सेविका एवं राष्ट्रीय सदस्य विश्व मानव अधिकार आयोग डॉ. अनिता चौधरी पटेल, जिला संयोजिका राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. मालती तिवारी रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रक्तवीर सम्मान समारोह रहा। जिसमें 60 रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। इन सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र, मोमेंटो और शॉल भेंट कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। रक्तदान को महादान मानते हुए इस पहल को प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की रूपरेखा को उत्कृष्टता से निभाने में विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी आरके पटेल और प्रधानाचार्य जीपी पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुर्गा विद्या समिति गुलाब सिंह तोमर, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, संजय शर्मा, बिहारी अग्रवाल, विद्याचरण चौधरी, मुरली अग्रवाल, मुन्नालाल अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, सुभाष पटेल, स्थानीय निवासियों ने कार्यक्रम को और भी गरिमा प्रदान किया।

आवश्यकता है
देव सायकल स्ट्रोर्स
नगर पंचायत तुमगांव
मो.9977294183
सायकल मेकेनिक की आवश्यकता है
जिला महासमुंद छ.ग.
उपतहसील+थाना+
तुमगांव वार्ड क्रं.1






तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शनिवार 05 अक्टूबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड


12 बम्हनी के शीतला, दुर्गा और माता महामाया...


12 जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में महासमुंद...

# दशहरा पर्व के बाद शुरू हो जाएगी हरूना किस्म की धान कटाई

## 15 नवंबर से खरीदी शुरू करने की सुगबुगाहट, आधी फीसदी रकबा में बोई जाती है हरूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानसून सीजन की वापसी के दौर के साथ ही जिले में अर्ली वेरायटी के धान की कटाई शुरू हो चुकी है। हालांकि, फिलहाल छिटपुट जगहों पर ही कटाई हो रही है। लेकिन, दशहरा पर्व के बाद अर्ली वेरायटी के धान की कटाई जोर पकड़ लेगा। ऐसे में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों को करीब माह भर का इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, इस वर्ष शासन द्वारा दीवाली के बाद धान खरीदी शुरू करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे अर्ली वेरायटी के धान की उपज ले रहें किसानों में चिंता देखी जा रही है।

बता दें कि बीते साल की तरह ही इस साल भी धान की बोआई निर्धारित दिनों से पखवाड़े भर विलंब से हुई है। लेकिन, भर्री, दादर आदि जमीन पर बोई जाने वाली 1010,1001 जैसी वेरायटी वाले धान की फसल पकने के कगार पर है। दशहरा पर्व के बाद इस प्रकार के धान की कटाई जोरो से शुरू हो जाएगी।

लेकिन, वे अपनी उपज को सरकारी दर पर दीवाली के बाद ही बेच सकेंगे। जानकारी के मुताबिक शासन द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने का निर्णय लिया गया है। जबकि, पिछले वर्ष एक नवंबर से धान की खरीदी शुरू की गई थी और 15 नवंबर तक 16 हजार से ज्यादा किसान पौने सात लाख क्विंटल धान की बिक्री कर चुके थे। नवापारा के किसान प्रेम सिंह गोड़ ने बताया कि उन्होंने धान की कटाई शुरू कर दी है। लेकिन, फिलहाल धान का उचित मूल्य नहीं मिलने के कारण उन्हें एक माह से अधिक समय तक इंतजार करना होगा।

### 429 नए किसानों का पंजीयन

सरकारी दर पर धान की फसल को बेचने के लिए 31 अक्टूबर तक नए किसानों का पंजीयन किया जाएगा। इस वर्ष अब तक 429 नए किसानों ने पंजीयन कराया है। जबकि, 94 फीसदी पुराने किसानों के पंजीयन का कैरी फारवर्ड हो चुका है। बता दें कि बीते साल एक लाख 58 हजार 739 किसान पंजीकृत रहें, जिसमें एक लाख 52 हजार 515 किसानों द्वारा 112 लाख क्विंटल धान का विक्रय किया गया था।



### पूरी तरह पकने में समय

कृषि उप संचालक एफआर कश्यप का कहना है कि जिले में ज्यादातर 110-120 दिनों में होने वाली धान की फसल बोई जाती है। लेकिन, विलंब से बोआई होने के कारण फिलहाल धान को पकने के लिए पखवाड़े का समय लग सकता है। वैसे भी मानसून की विदाई अभी नहीं हो पाई है। अभी और बारिश होने की संभावना है। ऐसी स्थिति में अर्ली वेरायटी के धान की कटाई करना जल्दबाजी होगी।

## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ॥

## फरार: चोरी, रेप, गांजा तस्करी का है आरोप, पुलिस पतासाजी में जुटी

# सिलिंडर के नीचे रखे पत्थर से किया हमला, 4 अपचारी बालक हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नाइट अटेंडेंट एवं नगर सैनिक के सिर पर पत्थर से गंभीर वार कर घायल करने के बाद चोरी, अनाचार और गांजा तस्करी के मामले में सुधार गृह भेजे गए 4 अपचारी बालक बरोंडाबाजार स्थित बाल संप्रेषण गृह से गुरुवार सुबह फरार हो गए। सुबह 5-6 बजे हमला करने के बाद उन्होंने मेन गेट की चाबी ली और फरार हो गए। 12 घंटे घंटे बाद भी अब क किसी का कोई सुराग नही मिला। इधर, पुलिस की चार टीम गठित कर चारों की पतासाजी की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार फरार चारों अपचारी बालको मे 02 चोरी, 01 रेप एवं 01 गांजा तस्करी मामले मे बाल संप्रेक्षण गृह लाए गए 02 अपचारी बालक गरियाबंद, 01 बलौदाबाजार एवं 01 सरायपाली महासमुंद के निवासी हैं। जिस पर चोरी, बलात्कार एवं गांजी तस्करी का आरोप है। अपचारी बालकों ने गोपाल चंद्रा अटेंडेंट व नगर सैनिक संजय मिश्रा को सिलिंडर के नीचे रखे जाने वाले गोल पत्थर से मारकर घायल किया। फिर मेन गेट की चाबी लेकर फरार हो गए। कर्मचारियों ने अधीक्षक को जानकारी दी, फिर उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। घायलों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रायपुर रेफर कर दिया गया है।



### सरगर्मी से की जा रही तलाश

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया कि सिपाहियों को घायल कर संप्रेषण गृह से फरार चारों अपचारी बालकों का अभी तक सुराग नहीं मिल पाया है। हालांकि, चार अलग-अलग टीमों का गठन कर पुलिस द्वारा सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

### 19 अपचारी बालक हो चुके फरार

वर्तमान शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह में 28 अपचारी बालक है। इसके पहले भी विभिन्न अपराधों में लाए गए अपचारी बालक फरार हो चुके है। जानकारी के मुताबिक 12 मई 2021 को 04 अपचारी बालक, 15 अक्टूबर 2021 को 09 अपचारी बालक, 22 जून 2022 को 03 अपचारी बालक फरार हो चुके है। इस प्रकार पिछले 03 सालों में आज की घटना को लेकर 19 अपचारी बालक शासकीय बाल संप्रेक्षण गृह से फरार हो चुके है।

### आखिर कौन है इसका जिम्मेदार?

लगातार अपचारी बालकों के फरार होने का सिलसिला थम नही रहा। ऐसी घटनाओं का जिम्मेदार कौन है? बाल सुधार गृह में घरेलू माहौल दे पाने में असफल होना इसके पीछे का कारण तो नही? दरअसल, वर्दीधारियों द्वारा धरपकड़ किए जाने के बाद यहां भी वर्दीधारियों को ड्यूटी में देख घर की बजाय जेल जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। यह पहली घटना नहीं पहले भी आखों में मिर्च और नमक झौंककर भागने की कोशिशें हुई हैं। सूत्रों के अनुसार यहां बालकों के बिस्तर में गद्दे के अंदर से लोहे की राड एवं रसोई का चाकू कई बार कर्मचारियों द्वारा बरामद किया गया है। क्योंकि, रसोई में कुछ गिने चुने बालकों को कार्य में हाथ बंटाने रखा जाता है। जिससे वह रसोई से नमक और मिर्च पाउडर निकालने में सफल होते है। बार-बार होने वाली घटना के लिए जबावदारी तय किए जाने पर भी विचार होना चाहिए।

# हड़ताल से धान विक्रय, पंजीयन सहित खाद्यान्न वितरण, वन संपदा की सुरक्षा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



विभिन्न मांग को लेकर जिले सहित पूरे प्रदेश के कई कर्मचारी संगठन इन दिनों हड़ताल पर हैं। वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जहां डेढ़ माह से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं, जिससे वन संपदा की सुरक्षा एवं विभागीय कार्य ठप पड़ा हुआ है। वहीं, दो सप्ताह से सहकारी समितियों के कंप्यूटर ऑपरेटरों ने भी काम बंद रखा है। इससे धान विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन का कार्य की गति धीमी चल रहीं। इधर, छह सूत्रीय मांग को लेकर पीडीएस के सेल्समेन के हड़ताल पर चले जाने के कारण खाद्यन्न वितरण प्रभावित हो चुका है।

जिले के शासकीय उचित मूल्य दुकानों के सेल्समैन छह सूत्रीय मांग को लेकर चार दिनों से अनिश्चतकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। जिसके चलते जिले भर के आधे से ज्यादा राशन दुकानों में ताला लटका रहा तथा गरीबी रेखा के तहत जीवन यापन करने वाले परिवारों को खाद्यान्न नहीं मिल पा रहा। हालाकि जिन दुकानों को सोसायटियों द्वारा संचालित किया जा रहा है वे खुली हैं। जबकि, समूहों द्वारा संचालित दुकानें पूर्णतः बंद हैं। जानकारी के मुताबिक जिले की कुल 592 राशन दुकानों में 117 दुकानों का संचालन महिला समूह रक रही हैं। जबकि, 12 दुकानें ग्राम पंचायत चला रही है। हालांकि, वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत उपभोक्ता कहीं से भी राशन ले सकता है। लेकिन, अनेक कारणों की वजह से उपभोक्ता नियत दुकान से ही राशन ले पाता है।

### दो माह से डटे हुए वन कर्मी

जिले के करीब 400 से ज्यादा वन विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी नियमितकरण एवं स्थायीकरण की मांग को लेकर राजधानी में बीते दो माह से डटे हुए हैं। इसका असर भी विभाग में देखा जा रहा है। जांच चौकी से लेकर वन एवं गोदाम की रखवाली दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ही करते आ रहे हैं। वहीं, डीएफओ कार्यालय में ऑनलाइन डाटा एंट्री का कार्य भी इन्हीं के जिम्मे हैं। जिससे वन विभाग का पूरा सिस्टम धीमी गति से चल रहा।

### मांग पूरी नहीं होने पर करेंगे हड़ताल

वन विभाग की तरह ही जिले की सहकारी समितियों में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटरों के 15 दिनों से हड़ताल पर रहने से किसानों का पंजीयन का कार्य जोर नहीं पकड़ रहा। पंजीयन कराने के लिए किसानों को कई- कई बार समितियों का चक्कर लगाना पड़ रहा। इधर, वेतन अनुदान, सूखत में प्रावधान और भर्ती नियमों में संशोधन की मांग को लेकर समितियों के नियमित कर्मचारी भी दीवाली के बाद हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने वाले व्यक्ति पर की गई कार्रवाई

**महासमुंद।** सांकरा थाना पुलिस ने ग्राम सल्डीह चौक सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाए जाने से एक व्यक्ति पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते एक व्यक्ति को ग्राम सल्डीह चौक पर पकड़ा। घटना स्थल पर जाकर आरोपी सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करते पाया गया, जिसका नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम सुदामा अदावर पिता स्व. चिंगरू अदावर (36 साल) सल्डीह का रहना बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 36(च) अबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

### शराब पीने की सुविधा दे रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** सांकरा थाना पुलिस ने दो लोगों को शराब पिलाने की सुविधा देते पकड़ा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सल्डीह रोड के दुकान के सामने में आरोपी लोकेश कुमार सेठ पिता पंचराम सेठ (32 साल) सल्डीह को अपने दुकान में अवैध रूप से लोगों को शराब पिलाने की सुविधा देते पकड़ा है वहीं आरोपी नेहरू लाल मिरी पिता शिवप्रसाद मिरी (42 साल) पेंड्रावन को ग्राम सल्डीह रोड के दुकान के सामने से पकड़ा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गड़बेड़ा से महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम गड़बेड़ा में एक व्यक्ति के घर की परछी से करीब 3 लीटर महुआ शराब जब्त पिथौरा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर किया है। पुलिस ने बताया कि 3 अक्टूबर 2024 को मुखबीर सूचना पर आरोपी श्यामलाल मधुकर पिता सदाराम मधुकर (36 साल) निवासी गडबेड़ा थाना पिथौरा के घर परछी कब्जे से 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए जब्त कर धारा 34(1) क आबकारी एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया है।

## गरबा नाइट..



**महासमुंद।** शारदीय नवरात्र पर्व पर राशि त्रिभुवन महिलांग के संयोजन में हाईस्कूल मैदान में गरबा नाइट का हुआ आगाज़।

# 18 मिलरों ने कम जमा किया 50 फीसदी चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- राइस मिलर्स की बैठक लेकर कस्टम मिलिंग में तेजी लाने पर दिया जोर, जल्द से जल्द चावल जमा कराने के दिए निर्देश



जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के बाद 523324 मीट्रिक टन चावल भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में जमा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके विपरीत अब तक जिले के 197 पंजीकृत राइस मिलर्स द्वारा 379272 मीट्रिक टन चावल ही जमा किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर लंगेह ने 16 मिलर्स द्वारा भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में चावल जमा करने के लिए स्टेक आबंटित कराने के बावजूद 15 दिन से अधिक समय में चावल जमा न करने साथ ही जिले के 18 राइस मिलर्स द्वारा जमा योग्य चावल की मात्रा का 50 प्रतिशत से कम चावल जमा किया है, पर नाराजगी व्यक्त की।

खाद्य अधिकारी संजय शर्मा ने बताया कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वर्ष 2023-24 में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के चावल जमा करने के संबंध में बैठक ली। उन्होंने सभी मिलर्स को अपनी मिलिंग क्षमता के अनुसार भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति कस्टम मिलिंग का चावल शीघ्रता से चावल जमा करने का निर्देश दिया, ताकि निर्धारित समय सीमा का पालन किया जा सके। उन्होंने कहा कि समिति प्रबंधक और मिलर्स आपसी समन्वय से कार्य करें। जिससे किसी प्रकार की समस्या नहीं आएगी। इस दौरान अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, जिला विपणन अधिकारी, जिला प्रबंधक (नान), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, डिपो इंचार्ज (भा.खा.ना.) सहित धान खरीदी केंद्रों के प्रभारी और राईस मिलर्स मौजूद थे।

**मिलर्स ने भी अपनी परेशानियों से कराया प्रशासन को अवगत:** बैठक में राईस मिलर्स ने एफसीआई और नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा करने के दौरान आ रही परेशानियां से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मिलर्स की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। मिलर्स ने समितियों से उठाए गए धान की कमी की शिकायत भी की, जिसके समाधान हेतु कलेक्टर ने जिला सहकारी बैंक के नोडल अधिकारी को उचित कार्यवाही करने का आदेश दिया। साथ ही शेष चावल जमा कराने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

## क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अपराधिक घटनाओं को लेकर आक्रोश

# कांग्रेसियों ने किया बागबाहरा थाना का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते हुए अपराध, चोरी, डकैती, गुंडागर्दी, नशाखोरी को रोकने में विफल को लेकर बागबाहरा थाना को शुक्रवार को खलारी विधायक द्वारिकाधीश यादव व युवा कांग्रेस खल्लारी विधानसभा के अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल के नेतृत्व में थाना का घेराव किया गया। जिसमें अशोक होटल के समीप कांग्रेस कार्यकर्ता इकट्ठे होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। तत्पश्चात 12 बजे रैली के शक्ल में थाने का घेराव के लिए पहुंचे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बताया कि पहले तो घर और दुकानदार ही चोरों से त्रस्त देर चंडी मंदिर, खल्लारी मंदिर और आज मेनरोड स्थित गुरुद्वारे में भी लाखो की चोरी हो गई। बिहाझर में 8 साल के मासूम को किडनैप कर लिया गया, लेकिन उसका आज तक पता नहीं चल सका है। आए दिन गुंडागर्दी और चाकूबाजी आम बात हो गई है।

ख ल्ला री विधायक द्वारिकाधीश यादव व युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ताम्रध्वज छोटू बघेल द्वारा में सैकड़ों समर्थकों के बागबाहरा थाना का घेराव किया। नगर के बाजार चौक से लेकर बागबाहरा थाना तक पैदल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम सभा को संबोधित करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में बढ़ते अपराध, डकैती, गुंडागर्दी, नशाखोरी, अवैध शराब बिक्री एवं चाकूबाजी की बात आम हो गई है। गांव गांव, शहर शहर में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है, जिसे तत्काल बंद किया जाए।



**यह रहे घेराव में शामिल :** कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर, अंकित बागबाहरा, गणेश शर्मा, पारस सांखला, खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल, शमीम खान, शाहजान पाशा, एडिशन ठाकुर, लोकेश उइके, दुर्गा सागर, केजू चक्रधारी, नवनीत सलूजा, बड़ा खान, समलिया यादव, राहुल यादव, लोकेश दीवान, दुर्गेश यादव, खेमराज सोनवानी, मिथुन अमीर, पार्षद मानता यादव, रामकुमार ठाकुर, डेमन ठाकुर, आशाराम बांधे, मेघराज साहू, कृष्णा यादव, लोकेश दीवान, खोमेश साहू, मोहन बंदे, सुनील ब्यवहार, राजू यादव, सोनू सहिस, हीरा दास, निमेष, दुर्गेश यादव, समलिया यादव, गोलू निर्मलकर, सनी दुआ, राजा कोहली, देवनाथ साहू, रमेश साहू, खेमराज, मन्नू सागर, प्रकाश महराज, शिव शंकर, युगल, पूनम मानिकपुरी, जित्तू चौहान, राजू अमीर, गणपत जगत, तीरथ, नालगु यादव, उत्तम शर्मा, राजेश सोनी, बलबीर बग्गा, शमीम खान सहित जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेसी नेता घेराव में उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश के चलते मारपीट जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना अंतर्गत बुंदेली चौकी में पुरानी रंजिश के चलते मारपीट, गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दिए जाने से अपराध दर्ज किया गया है। प्रार्थी श्यामलाल राउत ने पुलिस को बताया कि 3 अक्टूबर को वह घर से मंदिर घूमने निकला था, और नारायण साहू के घर सामने खड़ा था जहां गली में शाम के 6.30 से 7 बजे के करीबन पुरानी रंजिश को लेकर गांव का राजेंद्र बरिहा, करन बरिहा, खेमराज बरिहा गाली देते हुए एक राय होकर जान से मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान राजेंद्र बरिहा ने चूड़ा से मारपीट कर दिया, उसके बाद करन बरिहा और खेमराज बरिहा ने आकर जान से मारने की धमकी देते हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

**प्रवेश : सिरपुर में बैठक के दौरान अनेक लोगों ने किया कांग्रेस प्रवेश**

# भाजपा के सदस्यता अभियान को जिलाध्यक्ष ने दिया झटका, कई लोग कांग्रेस में हुए शामिल


हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- दो दर्जन से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं तथा महिला समूह कार्यकर्ताओं को दिलाई कांग्रेस की सदस्यता

पर्यटन नगरी सिरपुर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक 2 अक्टूबर को हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर व वरिष्ठ कांग्रेसजनों ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनको मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर ने ब्लॉक अध्यक्ष खिलावन साहू, ब्लॉक अध्यक्ष ढेलू निषाद, जिला पंचायत सभापति अमर चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दाऊलाल चंद्राकर, अरुण चंद्राकर, थनवार यादव आदि की उपस्थिति में सिरपुर क्षेत्र के 2 दर्जन से भी अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं व महिला समूह कार्यकर्ताओं को कांग्रेस प्रवेश कराया। सत्ता को छोड़ भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थामा।

बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ.रश्मि चंद्राकर ने भाजपा की सदस्यता अभियान को ढकोसला बताते हुए कहा कि जिस तरह से लोकसभा चुनाव के नतीजे देशभर में आए हैं, उसे देखकर भाजपा घबरा गई है। इस बार जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर कर दिया, इसलिए खुद को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बताने वाली भाजपा को सदस्यता अभियान चलाने की जरूरत पड़ी। उन्होंने आगे कहा कि आज भाजपा के कार्यकर्ता ही भाजपा सरकार से नाराज चल रहे हैं। 10 महीने के कुशासन व भ्रष्टाचार से जन-जन परेशान हैं। सिरपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के कुशासन से तंग आकर कांग्रेस की सदस्यता ली है। आगामी नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव में जिले में भाजपा मुक्त अभियान की शुरूआत सिरपुर से हो चुकी है। इस अवसर पर सिरपुर के विभिन्न दुर्गा समितियों को मांदर वितरण किया गया।

बैठक में दाऊलाल चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेसी अरुण चंद्राकर,जिला पंचायत सभापति अमर अरूण चंद्राकर, ब्लाक अध्यक्ष खिलावन साहू, ब्लाक अध्यक्ष ढेलू निषाद, प्रदीप चंद्राकर, ममता चंद्राकर, लता कैलाश चंद्राकर, सिरपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता थनवार लाल यादव, गजाधर धीवर, युवा कांग्रेस के नेता निहाल सोनकर, खोरबाहरा ध्रुव, लोकनाथ ध्रुव, दीनदयाल साहू, जीवन ध्रुव, कामदेव ध्रुव, भागवत सेन, हेमू ध्रुव, प्रवीण नेताम, कुणाल आदि उपस्थित रहे।



**इन्होंने किया कांग्रेस प्रवेश**

कांग्रेस प्रवेश करने वालों में भारत लाल साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत सिरपुर, मनहरण निर्मलकर, लोकेश साहू, सीताराम यादव, गोविंद ध्रुव, पूरन ध्रुव, कुमार कंवर, मोहित ध्रुव, राजेंद्र रात्रे, प्रेमलाल यादव, बाहरु यादव, रोहित ध्रुव, पंकज ध्रुव, हेमलाल यादव, अशोक दीवान, पवन रात्रे, हेमलाल यादव, दीपक साहू, सोनू सेन, अजय सेन, सुखेंद्र यादव, दीपक निषाद, कैलाश कोसले, विक्रम सेन, महिला समूह के पदमा ध्रुव, त्रिवेणी ध्रुव, चुम्मन सिन्हा, पंचो बाई ध्रुव, सरस्वती ध्रुव, कुमारी यादव, सुखबती ध्रुव आदि शामिल हैं।

# स्त्रियों का परिवार समाज व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस पर 2 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पैकिन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक दीक्षा बारीक़ ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ योजना की मकसद है लैंगिक भेदभाव निपटना, म हि ला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, लैंगिक पूर्वाग्रह के बारे में जागरूकता बढ़ाना, लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बढ़ाना, बाल लिंगानुपात में गिरावट को रोकना, बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्व स्त्रियों का परिवार, समाज व राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है। बालिकाओं पर भी किसी भी देश का भविष्य निर्भर करता है। क्योंकि, बालिकाएं आगे चलकर मां बनती है और मां किसी भी परिवार की केंद्रीय इकाई होती है। यदि मां को शिक्षा प्राप्त नहीं है और वह बचपन से ही कुपोषण व अज्ञानता की शिकार है, तो वह एक स्वस्थ शिक्षित परिवार व उन्नत समाज को जन्म देने में विफल रहेगी। अतः बालिका के लिए शिक्षा नितांत आवश्यक है। महिला बाल विकास द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं को अधिक अवसर प्रदान के महत्व पर प्रकाश डालना और बालिकाओं द्वारा शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल भेदभाव, हिंसा और बाल विवाह से सुरक्षा में आने वाली असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्राचार्य वाय भोई, शिक्षक बीएल तांडी, पीएन भोई, बीएन मिश्रा, डीएन चौधरी, एसके साहू, एसके पटनायक, डीएल भोई, आरएल तांडी, पी तिवारी, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**



## बेमचा खल्लारी मंदिर में 415 ज्योत प्रज्ज्वलित

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र महोत्सव पर ग्राम बेमचा के जय मां खल्लारी मंदिर में कुल ज्योत संख्या 415 है। यहां पंडवानी कार्यक्रम किरण साहू ग्राम बोरिद फिंगेश्वर का 6 अक्टूब से 8 अक्टूबर तक समय 6 बजे से होगा। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

## रायपुर संभाग शतरंज टीम के कोच बने हेमंत

**महासमुंद।** राजनांदगांव में



आयोजित 24 वीं छत्तीसगढ़ राज्य शालेय शतरंज चयन स्पर्धा हेतु रायपुर संभाग की गठित टीम के कोच पिथौरा के हेमंत खुटे को अंडर-17 व अंडर-19 बालक वर्ग का नियुक्त किया गया है। हेमंत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस राज्य चयन स्पर्धा में दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर, सरगुजा व रायपुर संभाग से 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। रायपुर संभाग की टीम काफी सशक्त है। उम्मीद है कि प्रदेश की टीम में हमारे संभाग से कई खिलाड़ी अपनी जगह बनाने में कामयाब होंगे। राज्य चयन स्पर्धा का समापन 6 अक्टूबर को होगा।



## खरोरा में गौ माता की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पशु दिवस पर गौ माता की पूजा अर्चना की गई। जिसमें शिवकुमारी चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि धर्म में गौ माता को बहुत ही शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार माता लक्ष्मी का वास होता है और गौ माता की पूजा अर्चना करने से सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। जो लोगों ने नियमित रूप से गौ माता की पूजा-अर्चना और सेवा करते हैं उनके जीवन में सुख-समृद्धि की कोई कमी नहीं होती है। शास्त्रों के अनुसार गौ माता से जुड़े कुछ उपाय करने से व्यक्ति के जीवन सफलता, सुख और मोक्ष की प्राप्ति होते हैं।



## शीतला मंदिर परिसर में ज्योति भवन निर्माण का किया भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अनेक विकास कार्य कराए जा रहे है। इसी कड़ी में वार्ड नंबर 15 गड़ाघाट में विराजे ठाकुर देवता शीतला मंदिर परिसर गड़ाघाट में 5 लाख रुपए से निर्मित ज्योति कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। साथ ही रंगमंच का निर्माण कार्य, सावर्जनिक भवन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण किया गया। वहीं वार्ड नं 13 भाठापारा पेट्रोल पंप के पास सालों से वीरान पड़े टाउन हॉल का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इसका भी निरीक्षण किया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, द्रोणाचार्य साहू, डोमार पटेल, पुष्कर यादव, भुनेश्वर साहू आदि मौजूद रहे।

# बम्हनी के शीतला, दुर्गा और माता महामाया मंदिर में ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवरात्रि पर्व में ग्राम बम्हनी में गांव की देवी शीतला, दुर्गा, महामाया मंदिर में ज्योति कलश की स्थापना की गई है। मां शीतला विकास समिति के सचिव युगेश साहू ने बताया कि माता की छत्रछाया में मुख्य ज्योति कलश सहित कुल 86 ज्योति प्रज्ज्वलित किए गए है। ग्रामीणों के पूर्ण सहयोग से नवरात्र का कार्य हो रहा है। शीतला, दुर्गा, महामाया मंदिर में पंडित महेश पांडेय की पावन कर कमलों द्वारा शीतला मंदिर के बैगा गोकुल निषाद के साथ श्रद्धालु भक्तों और ग्रामवासियों की उपस्थिति में ज्योति प्रज्ज्वलित का कार्यक्रम विधिविधान द्वारा संपन्न हुआ। मंदिर के सदस्यों ने सभी ग्रामीणों से पूरे नवरात्रि भर मंदिर में अपनी उपस्थिति तथा सुबह शाम आरती में सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया।



# गांधी जयंती पर रामचरित मानस की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

स्व. जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. एसके साव एवं कार्यक्रम अधिकारी एनके प्रधान के मार्गदर्शन में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर रासेयो इकाई द्वारा भव्य रामचरित मानस गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रधान द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य अहिंसा एवं उनके जीवन मूल्यों को विस्तृत रूप से व्याख्या की गई। आमंत्रित दिव्य ज्योति मानस मंडली द्वारा बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम से कार्यक्रम का शुरुवात कर विभिन्न भक्तिमय प्रस्तुति से कार्यक्रम में समां बांधा। शुरू से अंत तक राम भक्तिमय वातावरण से पूरा प्रांगण गूंजायमान रहा। महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं एवं रासेयो के स्वयंसेवक गांधी के जीवन मूल्यों पर भाषण, गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति पूरे हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। भक्तिमय गानों में झूमते नजर आए। कार्यक्रम का संचालन प्रमीत साहू ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक एनके प्रधान, संतोष सोनी, पीतांबर कश्यप, नीरज साहू, गजेंद्र साहू, सुमित अग्रवाल, मनीष साव, मनीष दीप, जगदीश नायक, भावेश साहू, सुदामा बढ़ाई, चंद्रिका सिदार, भूमिका पोर्ते, अल्का दास, लक्ष्मी जगत, उषा सिदार, हेमा चौहान आदि मौजूद रहे।



# जोन स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में महासमुंद जिला का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रायपुर के शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक जोन स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित हुआ। जिले के होनहार बाल वैज्ञानिकों ने विभिन्न उप कथानकों में अपना मॉडल प्रस्तुत किया। जिसमें 07 प्रतिभागियों ने एक तरफा विज्ञान के क्षेत्र में महासमुंद जिले को गौरवान्वित किया। राज्य स्तरीय के लिये चयनित प्रतिभागी भोजराज चकधारी मोहदी, प्रिया यादव पटेवा, चंचल साहू सेजेस अंग्रजी महासमुंद, सिमरन जागड़े आबा गोलछा स्कूल महासमुंद, हितेश साहू खल्लारी, हर्षा साहू खल्लारी तथा शिक्षक संगोष्ठी में चंद्रशेखर मिथलेश आ.बा.गोलछा स्कूल महासमुंद लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत ने स्वयं शिक्षा महाविद्यालय रायपुर पहुंचकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। जिला नोडल अधिकारी विज्ञान हेमेंद्र आचार्य भी रायपुर में पंजीयन के लिए उपस्थिति दी। बच्चों की उस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत, सहायक संचालक सतीश नायर, एनके सिन्हा जिला नोडल, हेमेंद्र आचार्य जिला संयोजक विज्ञान परिषद, जगदीश सिन्हा ने हर्ष जताया।



## चैतन्य झांकी 6 से

**महासमुंद।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नवरात्र पर्व पर चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन करने जा रहा है। एक प्रेस विज्ञप्ति में सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीती दीदी ने बताया नगरवासियों के विशेष आग्रह पर मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती की चैतन्य झांकियां स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा में आयोजित की जाएगी] जो कि 6 अक्टूबर को प्रारंभ होकर 10 अक्टूबर को समाप्त होगी। नगरवासी संध्या 6 से रात्रि 10 बजे तक अवलोकन कर सकेंगे।

# विद्यालय आवागमन वाली मुख्य सड़क खराब, विद्यार्थी परेशान





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के तीन प्रमुख स्कूलों तक पहुंचने वाली सड़क बदहाल स्थिति में है। दरअसल, शहर के लोहिया चौक से पिटियाझर जाने वाले मार्ग में द न्यू होली फेथ हायर सेकंडरी स्कूल, रिवरडेल हायर सेकंडरी स्कूल एवं वेडनर मेमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल हैं। इस मार्ग में आवागमन के लिए सड़क की स्थिति बहुत ही दयनीय है, और आमजनों सहित राहगीरों की मानें तो सड़क मरम्मत की आवश्यकता है। अनेक जगह हो चुके गड्ढों के कारण छात्रों, शिक्षकों, राहगीरों सहित आम नागरिकों को आने जाने में भारी परेशानी हो रही है। इन समस्या के निराकरण के लिए प्रार्थना पत्र लेकर स्कूल के पदाधिकारी, विद्यार्थीगण फैजान चौहान, रिहांश साहू,अक्षत भारद्वाज (द न्यू होली फेथ), सिद्धि गुप्ता( रिवरडेल), जगप्रीत हनवा, पार्थ साहू (वेडनर मेमोरियल ) ने कलेक्टर से मिलकर ध्यान आकृष्ट कराया।



## एकम को किए पुण्य दर्शनः अंकित

**महासमुंद।** शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी खल्लारी क्षेत्र के कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा पहाड़ी वाली खल्लारी माता के दर्शन कर पूजा अर्चना की। अंकित ने बताया कि सन 1459 ईसवी से मां खल्लारी यहां विराजमान है। लगभग 830 सीढ़ियों को चढ़ कर यहां पहुंचा जाता है। अब यहां रोपवे की सुविधा भी है। साथ ही भंडारा पूरे 9 दिन चलता रहता है। अंकित ने तत्पश्चात मनोकामना ज्योत भी प्रज्ज्वलित करते हुए क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

# झालखम्हरिया पंचायत में हुई विशेष आमसभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम पंचायत झालखम्हरिया में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर विशेष ग्रामसभा हुई। आमसभा की अध्यक्षता सरपंच यशवंत साहू ने की। जिसमें केंद्रीय पंचायत मंत्रालय से पंकज, राज एवं राज्य से विजय गुप्ता और जिला कलेक्टर विनय लन्गेह, जिला सीईओ एस अलोक, उपसंचालक दीप्ति साहू, प्रभारी जिला अंकेक्षक अशोक, सब आडिटर कुर्रे, कृषि विस्तार अधिकारी जितेन्द्र चंद्राकर, पंचायत सचिव चंद्रमणि चंद्राकर, पिरामल फाऊंडेशन के यासमीन, जनपद पंचायत महासमुंद के कला संकाय सदस्य समृद्धि शर्मा आदि की उपस्थिति में वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

सभा में पंच उर्मिला जगत, राजाराम, दसमेश देवांगन ,उत्तरा ध्रुव, डोमन साहू, संतोष साहू, संतोष ध्रुव, अनेश्वरी चंद्राकर, हिरदे लाल साहू, जीवराखन साहू, दुलारी दुबे आदि मौजूद रहे। वरिष्ठ नागरिकों सम्मान किया गया। स्वछता ही सेवा कार्यक्रम के तहत श्रद्धा माहिला समूह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। नशामुक्ति की शपथ लेकर एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया।



# स्वरोजगार प्रशिक्षण ले चुके युवाओं ने साझा किए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पिछले 40 वर्षो से छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलो में जन समस्याओं के निवारण एवं ग्रामीण किसानों युवाओं एवं महिलाओं के लिए जीवन स्तर में सुधार एवं रोजगार बढ़ने हेतु कार्य प्रयोग समाज सेवी संस्था द्वारा किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सामुदायिक संगठनों का क्षमता विकास परियोजना संचालन के तहत पिछले 3 वर्षो से जिले के बागबाहरा ब्लॉक में कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक भवन कोमाखान में एक चर्चा सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें राकेश कतल राष्ट्रीय निर्देशक डब्लूएचएच एवं विजय राय प्रोग्राम मैनेजर डब्लूएचएच दिल्ली से उपस्थित रहे।

इस दौरान विभिन्न गांवों से लगभग 50 की संख्या में युवा महिलाएं एवं किसान उपस्थित रहे, जो प्रयोग संस्था द्वारा चलाए जाने वाले कार्यक्रमों एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे है। साथ ही जिन युवाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त कर देश के विभिन्न राज्यों में रोजगार प्राप्त किया है उनके परिवार जन उपस्थित रहे और अपने अनुभव साझा किए। जिन महिलाओं को विभिन्न स्वरोजगार संबंधित गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण दिया गया था उनसे में घरेलू सामग्री ( वाशिंग पाउडर, साबुन, फिनायल ) निर्माण कर रही महिलाओं ने अपने कार्य एवं उनके जीवनस्तर में आए बदलाव को साझा किया, जिन किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया था। उन्होंने अपने रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर अपने सोच में परिवर्तन के बारे में बताया। राष्ट्रीय निर्देशक एवं प्रोग्राम मैनेजर ने एक एक कर सभी लोगों से उनके अनुभव एवं आगे की योजना के बारे में चर्चा कर अपने अनुभव साझा किए एवं मार्गदर्शन दिए। कार्यक्रम के पश्चात ग्राम पंडरीपानी में 28 महिलाओं को आर सेटी महासमुंद और प्रयोग के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया था। जिनमें से लगभग सभी महिलाएं बकरी पालन के क्षेत्र में आगे बढ़ कर कार्य कर रही है। इन महिलाओं से मिल कर इनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी लिया गया।

कार्यक्रम में भरत भूषण ठाकुर (परियोजना समन्वयक), पूरब धुरंधर (स्किल डेवलपमेंट ऑफिसर), सुमन साहू, देवंतीन ठाकुर, राजेंद्र राजपूत, मंगलू जगत (जिला समन्वयक), हनुमंत नाग, हेमंत सोनवानी, पुरन, लीना सोनी एवं आसपास से कुछ ग्रामीण मुखिया उपस्थित रहे।



